नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 30

No. of Printed Pages — 7

# SS—01—Hindi (C) ( D & D )

## उच्च माध्यमिक ( मूक-बधिर ) परीक्षा, 2011

## अनिवार्य हिन्दी

## ( COMPULSORY HINDI )

**समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं । प्रश्न क्रमांक **28** व **29** में आंतरिक विकल्प हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।
4. जिस प्रश्न के एक से अधिक समान अंक वाले भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।
5. प्रश्न क्रमांक 1 के चार भाग (i), (ii), (iii) तथा (iv) हैं । प्रत्येक भाग के उत्तर के चार विकल्प **अ, ब, स** और **द** हैं । सही विकल्प का उत्तराक्षर उत्तर-पुस्तिका में निम्नानुसार तालिका बनाकर लिखें :

| **प्रश्न क्रमांक** | **सही उत्तर का क्रमाक्षर** |
|---|---|
| 1. (i) | |
| 1. (ii) | |
| 1. (iii) | |
| 1. (iv) | |

1. (i) 'सत्याग्रह' शब्द का सन्धि-विच्छेद है

(अ) सत्या + ग्रह　　(ब) सत्य + आग्रह

(स) सत्या + आग्रह　　(द) सत्य + आग्राह । $\frac{3}{4}$

(ii) 'रमा + ईश' शब्दों का सन्धियुक्त शब्द है

(अ) रमेश　　(ब) रमीश

(स) रामेश　　(द) रामीश । $\frac{3}{4}$

(iii) व्यंजन-सन्धि का उदाहरण है

(अ) नायक　　(ब) अन्वय

(स) सज्जन　　(द) स्वागत । $\frac{3}{4}$

(iv) 'पवन' शब्द में सन्धि है

(अ) गुण　　(ब) दीर्घ

(स) यण　　(द) अयादि । $\frac{3}{4}$

2. निम्नलिखित शब्दों के विलोमार्थक शब्द लिखिए : 1

(i) शुभ

(ii) जय ।

3. 'आकाश' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । 1

4. संयुक्त वाक्य का एक उदाहरण लिखिए । 1

5. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द की पद-व्याख्या सम्बन्धी कोई **दो** बिन्दु लिखिए : 1

राधा बहुत तेज दौड़ती है ।

6. निम्नलिखित शब्द-युग्म का अर्थ भेद स्पष्ट कीजिए : 1

(i) प्रसाद

(ii) प्रासाद ।

7. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए : 2

(i) जिसके शरीर का अंग खराब हो ।

(ii) आज्ञा का पालन करने वाला ।

8. (i) 'घी के दीये जलाना' मुहावरे का सही अर्थ लिखिए । 1

(ii) 'काला अक्षर भैंस बराबर' लोकोक्ति का स्वरचित वाक्य में प्रयोग कीजिए । 1

9. निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह कर उनमें प्रयुक्त समास का नाम भी लिखिए : 2

(i) नीलकमल

(ii) पंचवटी ।

10. व्यंजना शब्द-शक्ति की परिभाषा लिखिए । 2

11. (i) निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए :

(अ) मुकट

(ब) उत्पन ।

(ii) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके पुनः लिखिए :

सीता राम की स्त्री थी । 2

12. निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द एवं उपसर्ग व प्रत्यय पृथक करके लिखिए : 2

(i) उपहार

(ii) सामाजिक ।

13. संयासी पथिक को किस उत्तरदायित्व का स्मरण कराता है ? लिखिए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 30 शब्द ) 1

14. मनु की नौका कहाँ थी ? लिखिए । ( उत्तर शब्द सीमा लगभग 30 शब्द ) 1

15. जीने में बलि होने में किसका नाम लिखा है ? बताइए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 30 शब्द ) 1

16. हिन्दू और मुसलमान समान रूप से किस पर गर्व करते हैं ? बताइए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 40 शब्द ) 2

17. विराट उत्तरा का विवाह किसके साथ करना चाहते थे ? लिखिए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 40 शब्द ) 2

18. ग्वाले ने गाय को सुई क्यों और कैसे खिलाई ? लिखिए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 40 शब्द ) 2

19. राम ने रावण पर विजय प्राप्त करने के लिए क्या किया ? लिखिए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 50 शब्द ) 3

20. ''यदि नारी के सम्मान की रक्षा नहीं हुई तो यह सारा साम्राज्य गर्त में गिरने योग्य है ।'' यह कथन किसने, किससे कहा ? लिखिए । ( उत्तर शब्द सीमा लगभग 50 शब्द ) 3

21. 'बुराई के डर से अच्छाई का त्याग तो नहीं किया जा सकता ।' इस कथन का क्या तात्पर्य है ? लिखिए । ( उत्तर शब्द सीमा लगभग 50 शब्द ) 3

22. 'नीरा' कहानी की रचना का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 50 शब्द ) 3

23. बाबा भारती का सुलतान घोड़े के प्रति क्या भाव था ? लिखिए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 50 शब्द ) 3

24. घर लौटते समय सुरबाला और मनोहर के मध्य क्या बातचीत हुई होगी ? कल्पना के आधार पर उत्तर दीजिए । ( उत्तर शब्द सीमा लगभग 60 शब्द ) 4

25. पुष्यमित्र का चरित्र-चित्रण कीजिए । ( उत्तर शब्द सीमा लगभग 60 शब्द) 4

26. मान लिजिए आप कानपुर निवासी अरुण कुमार हैं । मोहल्ले में व्याप्त गंदगी की समस्या के लिए नगर निगम के अध्यक्ष को पत्र लिखिए । ( उत्तर शब्द सीमा लगभग 70 शब्द) 5

27. (i) 'करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान' प्रस्तुत पंक्ति का पल्लवन कीजिए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 30 शब्द) 2

(ii) निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण लगभग 35 शब्दों में कीजिए : 3

वृक्षों अथवा वनों से मानव को अनेक लाभ हैं । विज्ञान के परीक्षणों से यह सिद्ध कर दिया है कि वृक्ष सूर्य के प्रकाश में अत्यक्षिक मात्रा में ऑक्सीजन निकालते हैं तथा वायुमण्डल में उसे विकीर्ण करते हैं जो मानव को श्वास लेने में सहायक होकर उसके रक्त को शुद्ध करके उसे स्वस्थ बनाती है । वृक्षों को वर्षा कारक की संज्ञा दी गई है । भूगोल तथा विज्ञान हमें बतलाते हैं कि वृक्षों की सघन श्यामल पत्तियों में मेघों को आकृष्ट करने की शक्ति होती है साथ ही वे भूमिक्षरण को रोकने में भी सहायक होते हैं । हमें न केवल इनको नष्ट होने से बचाना चाहिए वरन् अधिकाधिक वृक्ष लगाकर इन्हें बढ़ाना भी चाहिए ।

28. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लगभग 60 शब्दों में कीजिए : 4

ईर्ष्या का यही अनोखा वरदान है । जिस मनुष्य के हृदय में ईर्ष्या घर बना लेती है वह उन चीजों से आनन्द नहीं उठाता है जो उसके पास मौजूद हैं, बल्कि उन वस्तुओं से दु:ख उठाता है, जो दूसरों के पास हैं । वही अपनी तुलना दूसरों के साथ करता है और इस तुलना में अपने पक्ष के सभी अभाव उसके हृदय पर दंश मारते रहते हैं । दंश के इस दाह का भोगना कोई अच्छी बात नहीं है ।

**अथवा**

कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है । वह केवल नीति और सद्वृत्ति का ही नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का भी क्षय करता है । किसी युवा पुरुष की संगत आदि बुरी होगी, तो वह उसके पैर में बंधी चक्की के समान होगी जो उसे दिन-दिन अवनति के गड्ढे में गिराती जाएगी और यदि अच्छी होगी तो सहारा देने वाली बाहु के समान होगी जो निरन्तर उन्नति की ओर उठाती जाएगी ।

29. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लगभग 60 शब्दों में कीजिए : 4

देखकर मँझधार को घबड़ा न जाना,

हाथ ले पतवार को घबड़ा न जाना,

मैं किनारे पर तुम्हें थकने न दूँगा

पार मैं तुमको लगाने आ रहा हूँ ।

**अथवा**

जो तनिक हवा से बाग हिली,

लेकर सवार उड़ जाता था ।

राणा की पुतली फिरी नहीं

तब तक चेतक मुड़ जाता था ।

कौशल दिखलाया चालों में

उड़ गया भयानक भालों में ।

निर्भीक गया वह ढालों में,

सरपट दौड़ा करवालों में ॥

30. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 150 शब्दों ( 15 पंक्तियों ) में निबन्ध लिखिए : 10

(i) हमारा विद्यालय

(ii) अनुशासन का महत्व

(iii) ईद का त्यौहार

(iv) वन संरक्षण

(v) पर्यावरण प्रदूषण ।